## एक नजर में

### अफीम के फूल :सफेद सोने की कड़ाके की सर्दी में दिन–रात निगरानी



**नीमच।** जिले में अफीम की फसल पर सफेद फूल आने लगे हैं। इस बार लाइसेंस और बुआई में देरी के कारण कई खेतों में डोडा बनने की प्रक्रिया देर से शुरू हुई है, जबकि समय पर बोई गई फसलों में फूल और डोडे दिखाई देने लगे हैं। किसानों के अनुसार मौजूदा मौसम फसल के लिए अनुकूल है और अगले कुछ दिनों में खेत सफेद फूलों से ढंक जाएंगे। फूल आने के साथ ही अफीम के खेतों की निगरानी बढ़ा दी गई है। इन दिनों मप्र में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। लेकिन, लोग बारी–बारी से खेतों की रखवाली कर रहे हैं।

### फरीद शाह छह माह के लिए जिला बदर

**नीमच।** जिला मजिस्ट्रेट श्री हिमांशु चंद्रा व्दारा म.प्र.राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 के तहत एकता कालोनी बघाना निवासी फरीदशाह पिता जीमलशाह को छह माह की अवधि के लिए जिला बदर का आदेश जारी किया गया है। उक्त अवधि में फरीदशाह नीमच जिले की राजस्व सीमा तथा समीपवर्ती मंदसौर, रतलाम, शाजापुर, उज्जैन, देवास, आगर मालवा जिले की राजस्व सीमा में छह माह की अवधि तक प्रवेश नहीं कर सकेगा। अनावेदक फरीदशाह के विरूद्ध बघाना पुलिस थाने में विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीबद्ध होकर न्यायालय में विचाराधीन है।

### मोया के दिलीप को तीन माह तक थाना हाजरी का आदेश

**नीमच।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी हिमांशु चंद्रा द्वारा म.प्र.राज्य सुरक्षा अधिनियम 1090 की धारा–5(क, ख) के तहत आरोपी दिलीप पिता राधेश्याम बांछडा निवासी मोया को तीन माह के लिए सदाचार बनाये रखने के लिए पुलिस थाना कुकडेश्वर में सप्ताह में एक दिन थाना हाजरी का आदेश जारी किया गया है।

### बरडिया जागीर में नि :शुल्क आयुर्वेद स्वास्थ्य शिविर

**नीमच।** शासकीय आयुर्वेद औषधालय पिपलिया रावजी द्वारा नि :शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर गुरूवार को आंगनवाड़ी केंद्र 2 ग्राम बरडिया जागीर में आयोजित किया गया। शिविर में आमवात, संधिवात, चर्म रोग, उदर रोग,विबंध, श्वास,कास,प्रतिश्याय, रक्त अल्पता, अर्श, गैस, अम्लपित आदि से पीड़ित रोगियों की जांच कर, नि :शुल्क औषधि वितरित की गई। शिविर में कुल 37 रोगियों एवं बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर नि :शुल्क औषधियां वितरित की गई। आयुष चिकित्सक डॉ.आबिद खान ने रोगियों एवं बच्चों को मौसमी बीमारियों से बचने के उपाय, तनाव से मुक्ति, गर्भावस्था का आहार, स्वच्छता अभियान, दिनचर्या, पोषण से सम्बन्धित जानकारी की। शिविर में औषधालय स्टाफ, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी सहायिका आदि उपस्थित थे।

### कड़ाके की ठंड में रैन बसेरे का औचक निरीक्षण



**नीमच।** कड़ाके की ठंड के बीच नगर पालिका प्रशासन सक्रिय हो गया है। नगर पालिका सीएमओ दुर्गा बामनिया और नपा अध्यक्ष स्वाति चोपड़ा ने बुधवार रात को अटल आश्रय गृह (रैन बसेरा) का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान, सीएमओ और नपा अध्यक्ष ने रैन बसेरे के सभी कक्षों का दौरा किया। उन्होंने वहां ठहरे हुए हितग्राहियों से सीधे बातचीत की और उनसे पूछा कि क्या उन्हें शासन की ओर से प्रदान की जा रही सुविधाओं का लाभ मिल रहा है। इस संवाद में स्वच्छता, शुद्ध पेयजल और सुरक्षा व्यवस्थाओं पर विशेष रूप से फीडबैक लिया गया। सीएमओ दुर्गा बामनिया ने मौके पर मौजूद कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रैन बसेरे में किसी भी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए और हर जरूरतमंद को उच्च गुणवत्ता वाली सुविधाएं मिलनी चाहिए। सीएमओ ने जोर देकर कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद नागरिकों को सम्मानजनक, सुरक्षित और सुव्यवस्थित आश्रय प्रदान करना है, ताकि कोई भी व्यक्ति इस कड़ाके की ठंड में असुविधा का सामना न करे।

### सीआरपीएफ ने वीर बलिदानियों को किया नमन

**नीमच।** देश के अमर वीर शहीदों के आत्म बलिदान को नमन कर कृतज्ञता प्रकट करना तथा उनके परिजनों को सर्वोपरि सम्मान देना प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। स्मरण रहे कि कर्तव्य की बलि वेदी पर अपने प्राणों को सर्वस्व न्यौछावर करने वाले रतलाम जिले के घटला ग्राम के निवासी सीआरपीएफ के अमर वीर बलिदानी सिपाही चम्पा लाल मालवीय तथा राजगढ जिले के ग्राम सैदाबाद निवासी सिपाही अम्बा राम मालवीय ने वर्ष 2013 में क्रमश: 112 बटालियन एवं 133 बटालियन में तैनाती के दौरान आज ही के दिन झारखण्ड में माओवादियों से डटकर मुकाबला करते हुए मां भारती की सेवा में अपने प्राणों को आहुति दी थी। सुरेन्द्र कुमार डीआईजी ग्रुप केंद्र सीआरपीएफ नीमच के मार्गदर्शन एवं दुष्यंत गोस्वामी, सहायक कमांडेंट व निरीक्षक राम बाबू के नेतृत्व में सीआरपीएफ ने वीर बलिदानियों के गृह निवास पर पहुंचकर शहीदों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया।

# बिना आदेश के प्रभारी प्राचार्य बन बैठी दीपा कुमावत

**▸ रामभरोसे जीरन महाविद्यालय**



**नीमच।** जिले के जीरन महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य दीपा कुमावत हमेशा से ही सुर्खियां बटोरती दिखाई देती हे,ऐसे में अभी नया मामला सामने आया की नीमच लीड कॉलेज ने जीरन महाविद्यालय का घोषित प्रभारी प्राचार्य दीपा कुमावत को बना रखा लेकिन इसका कही से कही उच्च शिक्षा विभाग से आदेश तक नहीं है,बिना आदेश के जीरन महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य होना कही ना कही उच्च शिक्षा विभाग की बड़ी गलती सामने दिखाई देती हे या यू मानो तो सिर्फ जुबानों पर चल रहा जीरन का महाविद्यालय, यही स्थाई प्राचार्य के नहीं होने से महाविद्यालय की व्यवस्था चरमराई हुई दिखाई दें रही हे, उच्च शिक्षा विभाग की इस लापरवाही से छात्र–छात्राओं का भविष्य भी दाव पर लगा हुआ हे। जहा ना तो कोई स्थाई प्राचार्य हे ना ही कोई प्रभारी प्राचार्य का आदेश हालांकि प्रभारी प्राचार्य दीपा कुमावत पहले भी कई बार महाविद्यालय के स्टाफ के साथ एवं छात्रों के साथ तानाशाही रवैए से चर्चा में रही हे, छात्र संगठनों ने भी इसके तानाशाही रवैए को लेकर ज्ञापन धरना प्रदर्शन कर रखा हे,लेकिन उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारी पर इसका कोई खास असर दिखाई नहीं दिया, यह चर्चा का विषय बना हुआ हे कि विवादों में रहने वाली प्रो कुमावत पर विभाग कोई कार्यवाही क्यों नहीं करता,यहीं डॉ कुमावत का जैसे तैसे व्यवस्था कर जीरन महाविद्यालय में आ कर टिक ही जाती हे ऐसा क्या है जीरन महाविद्यालय में जिससे उनका मोह नहीं जा रहा।ऐसे में उच्च शिक्षा विभाग की ऐसी क्या मजबूरी हे जो डॉ कुमावत को हटा नहीं पा रही हे।

नीमच लीड कॉलेज में एक सूचना के तहत जानकारी मांगी गई तो बताया कि उक्त जानकारी महाविद्यालय के रिकॉर्ड में संधारित नहीं हे अत: आपको इसकी जानकारी नहीं मिल सकती हे।इसका मतलब साफ होता हे कि जीरन महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य बन बैठी कुमावत को उच्च शिक्षा विभाग से कोई आदेशित नहीं किया गया फिर भी उनके भरोसे महाविद्यालय चल रहा हे ओर यहीं उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारी भी बिना आदेश के उन्हें प्रभारी प्राचार्य मान रहे हैं। यही उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारी से इस बारे में बात की गई तो वह भी इस मामले में गोलमाल जवाब देते दिखाई दिए। ओर एक दूसरे के ऊपर ढोलते दिखाई दिए।

**▸ इनका कहना है**

यह पूरा मामला अतिरिक्त संचालक महोदय के संज्ञान में हे, मैने तो ऐसा आदेश नहीं दिया हे, यह मेरे कार्य में नहीं आता हे ये सब नियुक्ति का आदेश अतिरिक्त संचालन महोदय द्वारा किया जाता है।

**– डॉ.प्रशांत मिशा**
**लीड कॉलेज प्राचार्य नीमच**

लीड कॉलेज ने निकाला होगा आदेश,मेरे ध्यान में नहीं हे मेरे आने से पहले कि बात हे,कुछ तो आदेश निकला ही होगा बिना आदेश के ऐसे प्रभारी प्राचार्य नहीं बनाया जा सकता है में ऑफिस में दिखाऊंगा की क्या आदेश हे ओर ठीक करवाऊंगा।

**– डॉ . एच एल अनिजवाल**
**अतिरिक्त संचालक उज्जैन**




## बर्खास्त चौकीदार प्रशासन को दे रहा चुनौती

**नीमच।** जिले के रामपुरा में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर चौकीदार की नौकरी लेने का एक मामला सामने आया है. मामले की जानकारी मिलने के बाद अनुविभाग अधिकारी द्वारा जांच के बाद चौकीदार के खिलाफ कार्यवाही करते हुए उसे बर्खास्त कर दिया गया है. यह मामला रामपुरा तहसील कार्यालय राजस्व क्षेत्र का है।

साल 2014 में रामपुर क्षेत्र के तलाऊ के वीरान गांव मान्याखेड़ी गांव चौकीदार के पद पर नियुक्ति हुई थी. नियुक्ति के दौरान लखन बैरागी की तरफ से जमा किए गए दस्तावेज प्रमाण पत्र की जांच की गई थी, जिसमें प्रमाण पत्र फर्जी निकला. इसके बाद चौकीदार लखन बैरागी निवासी बारवड़िया को बर्खास्त कर दिया गया।

वही मजेदार बात यह भी है की सेवा से बर्खास्त होने के बाद भी बर्खास्त चौकीदार लखन बैरागी तहसील कार्यालय रामपुरा में अनावृत अपनी सेवाएं दे रहा है जबकि ऐसे व्यक्ति के खिलाफ स्थानीय अधिकारियों के द्वारा फर्जी दस्तावेज को देखते हुए कठोर कार्रवाई करना थी जबकि वह वर्तमान में तहसील कार्यालय रामपुरा में महत्वपूर्ण बाबू के पद पर कार्यरत है इससे ऐसा प्रतीत होता है की तहसीलदार रामपुरा खुले तौर पर अनुविभागीय अधिकारी के आदेशों की अवहेलना कर रहे हैं जबकि एक बाबू जोकि चौकीदार है वह प्रशासन को चुनौती दे रहा है।

## युवा दिवस पर नीमच जिले में 12 जनवरी को सामूहिक सूर्य नमस्कार

**नीमच।** योग एवं उसके माध्यम से स्वास्थ्य के प्रति चेतना जागृत करने के उद्देश्य से स्वामी विवेकानन्द जी के जन्म दिवस युवा दिवस के उपलक्ष्य में 12 जनवरी को प्रात: 9:00 से 10:30 बजे तक सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया जायेगा। जिला स्तर पर सांदीपनि विद्यालय नीमच पर मुख्य कार्याक्रम आयोजित किया जावेगा। इस कार्यक्रम में सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, नगरपालिका अध्यक्ष आदि जनप्रतिनिधि एवं कलेक्टर, पुलिस अधिक्षक एवं विभिन्न विभागों के अधिकारीगण युवा दिवस के उपलक्ष्य में 12 जनवरी को प्रात: 9:00 से 10:30 तक सामूहिक सूर्य नमस्कार के मुख्य कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। 12 जनवरी 2025 को प्रात: 9:00 बजे से 10:30 बजे तक सामूहिक सूर्यनमस्कार का पल प्रतिपल कार्यक्रम:– प्रात:9 बजे कार्यक्रम स्थल पर विद्यार्थियों का मैदान में एकत्रीकरण एवं सूर्य नमस्कार हेतु अपेक्षित दूरी पर पंक्तिबद्ध होना।



## श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ

**रामपुरा।** तहसील मुख्यालय पर चेना माता मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। सुबह निकाली गई कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर भाग लिया। ठंड के बावजूद श्रद्धालुओं की आस्था पर कोई असर नहीं दिखा और पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूबा रहा।

कलश यात्रा कथा नगर नारायण भगवान जगदीश मंदिर से शुरू होकर छोटा बाजार सूरज घाट लालबाग सहित नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई नाका नंबर दो स्थित कथा स्थल चेना माता मंदिर परिसर पर पहुंची। यात्रा के दौरान भजन–कीर्तन और जयघोष से वातावरण गुंजायमान रहा। आयोजक समिति के योगेश माली ने बताया कि कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाएं शामिल हुईं। श्रद्धालुओं ने अनुशासन के साथ यात्रा में भाग लिया और पूरे मार्ग पर धार्मिक उत्साह देखने को मिला। इस दौरान आयोजक परिवार एवं नगर वासियों द्वारा भागवत भास्कर डॉक्टर पंडित मिथलेश जी नागर का का पुष्पहार से स्वागत कर अभिवादन किया

कलश यात्रा के समापन के बाद व्यास पीठ पर श्रीमद् भागवत महापुराण की महा आरती उतारकर श्रीमद्भागवत कथा का विधिवत शुभारंभ किया गया। प्रथम दिवस की कथा में व्यास पीठ से भागवत आचार्य मिथिलेश जी नागर ने श्रीमद्भागवत के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भागवत कथा वेद–पुराणों में विशेष स्थान रखती है और यह ज्ञान व वैराग्य का मार्ग दिखाती है। कथा के दौरान वृंदावन और बांके बिहारी के दिव्य दर्शन का वर्णन कर श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक भाव से जोड़ा गया। पहले दिन की कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। आयोजकों के अनुसार आने वाले दिनों में भी कथा के दौरान विभिन्न प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया जाएगा। कथा का समय दोपहर 12:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक रहेगा।

## सभी विभाग किसानों की आय बढ़ाने पर फोकस कर कार्य करें : कलेक्टर

**▸ कलेक्टर ने ए.पी.सी.समूह की बैठक में की विभागीय समीक्षा**




**नीमच।** प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की मंशानुसार समृद्ध किसान कल्याण वर्ष मनाया जा रहा है। सभी विभाग मुख्यमंत्री की मंशानुसार किसानों की आय बढ़ाने, किसानों की समृद्धता के लिए प्रोजेक्ट तैयार कर उन पर कार्य करें। किसानों की आय बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाए। किसानों को उनकी उपज का वाजिब दाब दिलाने की सुविधा मुहैया कराने का प्रयास करें। यह बात कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने गुरूवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में ए.पी.सी.समूह से जुडे विभागों के अधिकारियों की बैठक में कृषि एवं उससे सम्बद्ध विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की मासिक समीक्ष बैठक में कही। बैठक में डिप्टी कलेक्टर पराग जैन, कृषि वैज्ञानिक सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में उद्यानिकी विभाग की योजनाओं की समीक्षा में कलेक्टर ने निर्देश दिए, कि जिले में एक बगिया मां के नाम के तहत तैयार किए जा रही बगियाओं में उद्यानिकी विभाग, फलदार पौधे लगवाए। साथ ही जिले में इस साल 500 हेक्टेयर में नवीन फलदार पौधो के बगीचे तैयार करवाए। उद्यानिकी उपसंचालक ने अवगत कराया, कि एक बगियां मां के नाम के तहत पौधारोपण करने वाले हितग्राहियों के स्प्रींकलर एवं ड्रीप सिंचाई के लिए प्रकरण तैयार किए जा रहे है। कलेक्टर ने कुकडेश्वर क्षेत्र के पान उत्पादक किसानों के लिए नेटशेड के प्रकरण तैयार कर नेटशेड की सुविधा उपलब्ध करवाने के निर्देश भी दिए। पीएमएफएमई योजना की प्रगति की समीक्षा में बताया गया, कि जिले में इस वर्ष 122 के लक्ष्य विरूद्ध 116 हितग्राहियों के प्रकरण बैंकों द्वारा स्वीकृत किए गये है। कलेक्टर ने बैंको में प्रस्तुत सभी 130 प्रकरणों में स्वीकृति एंव वितरण 15 फरवरी तक करवाने के निर्देश भी दिए है।

**नर्सरियों को विकसित करें**

बैठक में कलेक्टर ने नीमच, जावद एवं मनासा में शासकीय नर्सरियों को विकसित करने और उनमें एक–एक लाख पौधे तैयार करवाने के निर्देश दिए। साथ ही इन नर्सरियों में शेड निर्माण एवं नर्सरी में जलाशय निर्माण के प्रोजेक्ट तैयार कर, प्रस्तुत करने के निर्देश भी उद्यानिकी विभाग को दिए।




## स्वास्थ्य शिविर शिविर का आयोजन किया

**रामपुरा।** रामपुरा तहसील मुख्यालय के समीपस्थ निर्माणधीन ग्रीनको पावर प्रोजेक्ट के अंतर्गत काम करने वाले विभिन्न श्रमिकों में स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करने, विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं का शीघ्र पता लगाने को बढ़ावा देने और गंभीर बीमारियों की रोकथाम को सुगम बनाने के प्रयास में, खिमला पावर प्रोजेक्ट में कार्यरत ऋतिवीक प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड में स्वास्थ्य शिविर शिविर का आयोजन किया।

यह शिविर सिविल हॉस्पिटल रामपुरा द्वारा आयोजित किया गया था, इस दौरान प्रोजेक्ट में कार्यरत लगभग 150 कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर विभिन्न जांच के माध्यम से जांच करके चिकित्सा परामर्श प्रदान किया गया।यह शिविर रित्विक प्रोजेक्ट कार्यरत श्रमिकों में जागरूकता पैदा करने और बीमारी के पूर्ण इलाज की संभावनाओं को बेहतर बनाने के लिए शीघ्र निदान में सहायता प्रदान करने के उदेश्य से आयोजित किया गया था।

शिविर मे रामपुरा मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर प्रमोद पाटीदार डॉ मनीष पाटीदार डॉ रवि मेघवाल ष्द्धश्र कुणाल ष्द्धश्र संजीव पुजारी सेक्टर सुपरवाइजर कन्हैयालाल वपता लैब टेक्नीशियन जगदीश राय कुंवर ममता नुसरत प्रकाश सिंधवानी आई टेक्नीशियन द्वारा श्रमिकों की ब्लड प्रेशर नेत्र परीक्षण रक्त परीक्षण सहित कई परीक्षण किए।

## नीमच सर्राफा कारोबारी एसपी कार्यालय पहुंचे, झूठी शिकायतों पर जताया विरोध



**नीमच।** नीमच के सर्राफा व्यापारियों में सोने–चांदी की कीमतों में वृद्धि के साथ ही असुरक्षा और झूठे कानूनी मामलों का भय बढ़ गया है। गुरुवार शाम को नीमच सर्राफा व्यापारी एसोसिएशन के बैनर तले बड़ी संख्या में व्यापारी एकजुट होकर एसपी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने एडिशनल एसपी नवल सिंह सिसोदिया को दो अलग–अलग ज्ञापन सौंपकर अपनी समस्याओं के त्वरित निराकरण की मांग की।

व्यापारियों ने प्रशासन को बताया कि जब से कीमती धातुओं के दाम बढ़े हैं, कुछ तत्व सक्रिय हो गए हैं। ये पुराने समय में गिरवी रखे गए गहनों के नाम पर व्यापारियों के खिलाफ झूठे और निराधार आवेदन दे रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि पुलिस को ऐसी शिकायतों में फरियादी से गहनों का पक्का बिल, गिरवी रखने की रसीद या ब्याज भुगतान के दस्तावेजी सबूत मांगने चाहिए।

उन्होंने मांग की कि बिना किसी ठोस साक्ष्य या अनुबंध के केवल मौखिक आरोपों के आधार पर व्यापारियों को थाने बुलाकर मानसिक रूप से प्रताड़ित न किया जाए। व्यापारियों के अनुसार, लेनदेन से जुड़े ऐसे विवाद प्राथमिक रूप से सिविल न्यायालय के दायरे में आते हैं।

ज्ञापन के माध्यम से व्यापारियों ने बाजार की सुरक्षा व्यवस्था और बेलगाम यातायात का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। एसोसिएशन ने पुस्तक बाजार, नया बाजार और सर्राफा क्षेत्र में पूर्व की भांति पुलिस गश्त को फिर से सुचारू करने की मांग की, ताकि लूट और चोरी जैसी वारदातों को रोका जा सके। व्यापारियों ने हाल ही में तिलक मार्ग पर हुई एक घटना का हवाला देते हुए बताया कि अनियंत्रित गति से चलने वाले लोडिंग टेम्पो दुकानों में घुस रहे हैं, जिससे जान–माल का खतरा बना रहता है और आए दिन विवाद की स्थिति निर्मित होती है। उन्होंने मुख्य बाजार में इन लोडिंग वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने और पुलिस बल की मौजूदगी बढ़ाने की मांग की।

एएसपी नवल सिंह सिसोदिया ने व्यापारियों की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए निष्पक्ष जांच और सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने का भरोसा दिलाया है। व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि झूठी शिकायतों के आधार पर उनका उत्पीड़न नहीं रुका, तो व्यापारी संघ आगे की रणनीति बनाने पर मजबूर होगा।

**एक नजर** ▸ **बेरोजगारी भत्ता देना होगा, विलम्बित मजदूरी के रूप में श्रमिकों को मिलेगी अतिरिक्त राशि**

## गांवों की तस्वीर बदल देगी विकसित भारत जी–राम–जी योजना : मंत्री भूरिया

**नीमच। जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि देश के सभी गांवों, गरीबों और किसानों के चहुमुखी विकास एवं जरूरतमंदों को ग्राम स्तर पर रोजगार दिलाने के लिए ही केन्द्र सरकार द्वारा विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड आजीविका मिशन (ग्रामीण) अर्थात वीबी जी–राम–जी अधिनियम 2025 लागू किया गया है।**



'हर हाथ को काम' मुहैया कराने के लिए इस अधिनियम में एक ग्रामीण परिवार को अब 125 दिनों के रोजगार की कानूनी गारंटी दी गई है। मनरेगा अधिनियम में रोजगार की यह गारंटी मात्र 100 दिन की थी। महिला एवं बाल विकास तथा जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि वीबी जी–राम–जी योजना देश के सभी गांवों की तस्वीर बदल देगी है। यह गरीबों, खेतीहर मजदूरों, किसानों सभी के लिए बेहद लाभकारी है। इस योजना से गांवों के विकास को भी मजबूती मिलेगी।

प्रभारी मंत्री सुश्री भूरिया ने यह जानकारी सर्किट हाउस नीमच में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और आमजनों से संवाद करते हुए दी। इस मौके पर विधायक श्री ओमप्रकाश सखलेचा, विधायक नीमच श्री दिलीप सिह परिहार, मनासा श्री अनिरूद्ध मारू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सज्जनसिह चौहान, जिला अध्यक्ष श्रीमती वंदना खण्डेलवाल, कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा एवं अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण उपस्थित थे।

**कार्य योजना बनाकर मिशन को देंगे गति**–प्रभारी मंत्री ने कहा कि इस अधिनियम के क्रियान्वयन के लिए हम समुचित कार्य योजना बनाने जा रहे हैं। इससे मिशन को गतिपूर्वक संचालित किया जाएगा। इसमें गोपालन को बढ़ावा दिया जाएगा, साथ ही कई अन्य सुधार भी इस अधिनियम के दायरे में रहकर किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हर जिले में स्टॉल्स, मार्केट आदि लगाने की व्यवस्थाएं भी की जाएगी। हमने तय किया है कि हर जिले में स्टॉल्स के माध्यम से किसानों के प्राकृतिक उत्पाद आमजन को उपलब्ध कराएंगे।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रही है। इसके लिए हम सभी किसानों को आवश्यकतानुसार अनुदान भी दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मनरेगा योजना के क्रियान्वयन में पहले 6 प्रतिशत प्रशासनिक अमला तैनात किया गया था। विकसित भारत जी–राम–जी योजना में इस कार्यकारी अमले की तादाद बढ़ाकर 9 प्रतिशत कर दी गई है। इससे योजना के क्रियान्वयन में जवाबदेहिता बढ़ेगी, साथ ही सभी गतिविधियों को पूरी पारदर्शिता से अंजाम दिया जाएगा।

उन्होंने कहा, कि इस योजना के क्रियान्वयन के लिए केन्द्र सरकार तय मानकों के आधार पर देश के हर राज्य को एक निश्चित राशि भी देगी। अधिनियम में ग्रामीण आजीविका निर्माण के स्थाई स्त्रोत विकसित करने पर जोर दिया गया है।

**▸ बेरोजगारी भत्ता भी दिया जाएगा**

प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने बताया कि इस अधिनियम में बेरोजगारी भत्ता और विलम्बित मजदूरी देने का प्रावधान भी रखा गया है। इसमें तहत यदि किसी ग्रामीण परिवार को उसके मांग करने के बावजूद तय समय सीमा के भीतर काम नहीं दिया जाता है, तो राज्य सरकार तय की गई दरों एवं शर्तों के अनुसार संबंधित मांगकर्ता परिवार को बेरोजगारी भत्ता देने के लिए भी बाध्य होगी। इसी तरह काम पूरा कर लेने के बाद भी यदि किसी कारणवश मजदूर को उसकी निर्धारित मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है, तो मुआवजे के तहत उसे विलम्बित मजदूरी के रूप में अतिरिक्त राशि देने का प्रावधान भी इस अधिनियम में है।